भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं.140#
गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन के क्षेत्र में अभिनिर्धारित किए गए स्थल

140# श्री नीरज डांगीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 के लिए 50 पर्यटक स्थलों का अभिनिर्धारण किया गया है;

(ख) क्या सरकार द्वारा अभिनिर्धारित किए गए स्थलों में राजस्थान के पर्यटन स्थल भी शामिल हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;और

(ग) सरकार द्वारा अभिनिर्धारित किए गए पर्यटन स्थलों पर व्यय की जाने वाली धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वर्ष 2014-15 में 'स्वदेश दर्शन' योजना आरंभ की और विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों में 76 परियोजनाओं को स्वीकृति दी । इस योजना को स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों का विकास करने के उद्देश्य से 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)' के रूप में परिवर्तित किया गया । पर्यटन मंत्रालय ने इस योजना के तहत विकास के लिए राजस्थान राज्य में बूंदी (केशवरायपाटन) और जोधपुर सहित देश में 55 गंतव्यों को चिह्नित किया है । मंत्रिमंडल ने 5000/- करोड़ रु. की राशि से 'स्वदेश दर्शन' योजना को दिनांक 31 मार्च, 2026 तक जारी रखने हेतु अनुमोदन किया है ।

*****